दिन—गुरूवार दिनांक— 03/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। पटना, वैशाली, भागलपुर, कटिहार, रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, और जहानाबाद समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। इधर, उपमुख्यमंत्री सह—जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ही तटबंधों का भी जायजा लिया। श्री चौधरी ने अधिकारियों को बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया, बांका, भोजपुर और पटना जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। सबसे अधिक अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश पूर्णिया के भवानीपुर में दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अररिया, किशनगंज और सीवान जिले में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में आंधी और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज कर्नाटक के बेंगलुरु में तीन दिवसीय बिहार महोत्सव दो हजार छब्बीस का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर भी मौजूद रहेंगे। विकसित भारत—समृद्ध बिहार के संदेश के साथ आयोजित हो रहे इस महोत्सव में राज्य की समृद्ध विरासत, लोक कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया जायेगा। समारोह में आधुनिक और प्रगतिशील बिहार की झांकियां भी प्रस्तुत की जायेंगी।

———————————————————————

परिवहन विभाग ने राजधानी पटना में ई–रिक्शा चलाने के लिए परमिट अनिवार्य कर दिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि ई–रिक्शा परमिट के लिए चालक के पास वैध ड्राईविंग लाइसेंस होने के साथ ही उसकी न्यूनतम उम्र बीस वर्ष होना अनिवार्य होगा। परमिट के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा और यह निःशुल्क होगा।

———————————————————————

बेगूसराय जिले में डिजिटल भुगतान का चलन तेजी से बढ़ा है। वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में जिले में डिजिटल माध्यमों से बीस करोड़ चालीस लाख से अधिक लेनदेन हुए, जिसकी कुल राशि एक लाख चालीस हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक रही। लीड बैंक के प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि इसमें यूपीआई सबसे आगे रहा। यूपीआई के जरिए लगभग उन्नीस करोड़ छिहत्तर लाख लेनदेन हुए, जिनकी राशि एक लाख तीन हजार दो सौ पचहत्तर करोड़ रुपये से अधिक रही।

———————————————————————

गयाजी में एक साथ चौदह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि छुट्टी के बाद निर्धारित समय पर ड्यूटी पर वापस नहीं लौटने के मामले में दो पुलिस अवर निरीक्षकों समेत चौदह पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। इधर, जहानाबाद जिले के करौना थानाध्यक्ष देवकांत वर्मा को पद का दुरुपयोग और मनमाने रवैये की शिकायत पर निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन क्षेत्र में बाघ के हमले में मृत एक महिला के परिजन को वन विभाग ने दस लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की है। महिला के पति को विभाग ने मुआवजे की राशि का चेक प्रदान किया।

———————————————————————

कटिहार के बीस मॉडल विद्यालयों – सरस्वती विद्या निकेतन में बेहतर शिक्षा के लिए बीस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारी सप्ताह में एक दिन अपने–अपने स्कूल में बच्चों की कक्षाएं लेंगे, उनके प्रदर्शन का आकलन करेंगे और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थों और हथियारों के साथ सोलह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा में एड्स रोगियों की पहचान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।